CAREERINDIA

**SL. No. : J**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 57 ]
Total No. of Questions : 57 ]

**CCE PF**
**CCE PR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H**
**Code No. : 85-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 06. 04. 2018 ]
[ Date : 06. 04. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ]
[ Max. Marks : 100

www.careerindia.com

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 57 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

CAREERINDIA



I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।
$10 \times 1 = 10$

1. व्यवसायियों के लिए सबसे उपयुक्त बैंक खाता है

   (A) बचत बैंक खाता (B) चालू खाता

   (C) आवर्ती जमा खाता (D) सावधि जमा खाता ।

2. 'दहेज प्रथा निषेध अधिनियम' पारित हुआ सन्

   (A) 1961 में (B) 1987 में

   (C) 1988 में (D) 1989 में ।

3. निम्न में से प्रत्यक्ष कर है

   (A) केंद्रीय आबकारी कर (B) व्यक्तिगत आय कर

   (C) सेवा कर (D) विदेश यात्रा कर ।

4. **समूह - A** में उद्यमियों की सूची तथा **समूह - B** में उनके उद्यम दिये गये हैं । सही समूह पहचानकर मिलान करें ।

| **समूह - A** | **समूह - B** |
|---|---|
| (a) अजोम प्रेमजी | (i) बायोकॉन लि० |
| (b) डॉ० प्रताप रेड्डी | (ii) जेट एयरवेज |
| (c) किरण मजुमदार शाह | (iii) विप्रो टेक्नोलॉजिज |
| (d) नरेश गोयल | (iv) अपोलो हॉस्पिटल । |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | iii | iv | i. |



www.careerindia.com

CAREERINDIA



5. राजस्थान में सबसे अधिक पायी जानेवाली मिट्टी ( मृदा ) है

(A) जलोढ़ मृदा (B) मरुस्थली मृदा

(C) लाल मृदा (D) लैटेराइट मृदा ।

6. 1909 का मिण्टो-मोर्ले सुधार भारत के विभाजन का नींव रहा कारण यह


(A) द्वैध शासन का उन्मूलन किया

(B) बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल की स्थापना किया

(C) वर्किंग कमिटी में भारतीयों का मनोनयन किया

(D) धर्म पर आधारित अलग निर्वाचन क्षेत्र का गठन किया ।

7. मानचित्र में चिह्नांकित स्थानों का सही मेल है




(A) 1-अमृतसर, 2-गुवाहाटी, 3-हैदराबाद

(B) 1-गवाहाटी, 2-हैदराबाद, 3-अमृतसर

(C) 1-हदराबाद, 2-अमृतसर, 3-गुवाहाटी

(D) 1-इलाहाबाद, 2-हैदराबाद, 3-अमृतसर ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



8. नेल्सन मण्डेला को भारत का सफलतापूर्वक समर्थन देने का कारण है

   (A) भारत में नेल्सन मण्डेला का अफ्रिका का गाँधी कहा जाता है

   (B) भारतीय विदेश नोति रंगभेद नीति के विरुद्ध है

   (C) भारत संयुक्त राष्ट्र संघ ( UNO ) का अग्रणी सदस्य है

   (D) भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन ( N.A.M. ) का अनुसरण करता है ।

9. हमलोग 10 दिसम्बर को 'मानवाधिकार दिवस' के रूप में मनाते हैं क्योंकि

   (A) अब्राहम लिंकन ने 10 दिसम्बर, 1865 को दास प्रथा का उन्मूलन किया था

   (B) नेल्सन मण्डेला को 10 दिसम्बर, 1993 को जेल से छोड़ा गया था

   (C) संयुक्त राष्ट्र संघ ( UNO ) ने 10 दिसम्बर, 1948 को विश्वव्यापी मानवाधिकार दिवस की घोषणा की

   (D) भारत ने अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की घोषणा की ।

10. दयानन्द सरस्वती द्वारा स्वराज्य तथा स्वधर्म सिद्धान्तों का समर्थन लोगों को प्रेरित किया

   (A) वर्ग विहीन समाज की स्थापना के लिये

   (B) सती प्रथा तथा बाल विवाह के विरुद्ध लड़ने के लिये

   (C) स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने के लिये

   (D) शैक्षिक सुधार लाने के लिये ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : $14 \times 1 = 14$

11. "सामान्य वर्ग के इतिहास लेखन इतिहासकारों के लिए चुनौती बन गया है ।" क्यों ?

12. सर सैयद अहमद खान ने मुस्लिम समाज को कैसे शिक्षित किया ?

13. रूस में समाजवादी तंत्र क्यों विफल हुआ ?

14. ब्रिटिशों ने भारत में संप्रदायवाद का बीज किस नीति के तहत बोया ?

15. उपनिवेशवाद से क्या तात्पर्य है ?

16. चिपको आन्दोलन के नेता कौन-कौन थे ?

17. बाल मजदूर उन्मूलन में 'सर्व शिक्षा अभियान' महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । कैसे ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



18. किस मृदा को 'रेगुर मृदा' भी कहा जाता है ?

19. 'नेशनल पावर ग्रीड' की स्थापना क्यों हुई ?

20. तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव वन क्यों उगाने चाहिए ?

21. भारत के कौन-से राज्य चक्रवात से अधिक प्रभावित होते हैं ?

22. लोक सभा में केन्द्रीय बजट कौन पेश करता है ?

23. "भारत का सही मायने म विकास उसके गाँवों का विकास है ।" किसने कहा है?

24. रिर्ज़व बैंक ऑफ इण्डिया को 'बैंकों की माँ' क्यों कहा जाता है ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : 25 × 2 = 50

25. यूरोपियनों को भारत के नए समुद्र मार्ग की खोज करने में कौन से कारक मददगार हुए ?

**अथवा**

बक्सर की लड़ाई के परिणाम क्या थे ?

26. मैसूर वोडेयर को हमलोग क्यों याद करते हैं ?

27. "भाषा के आधार पर आन्ध्र प्रदेश का गठन भारतीय सरकार के लिए आवश्यक था ।" क्यों ?

28. "अमेरिका को चुनौती देने में समर्थ बनाने के लिए जोसेफ स्टालिन ने रूस को तैयार किया ।" कैसे ?

29. निरक्षरता उन्मूलन के लिए भारत सरकार ने क्या-क्या कदम उठाये हैं ?

30. खाद्य एवं कृषि संस्थान ( FAO ) विश्व की समस्याओं को हल करने के लिए कैसे कार्य कर रहा है ?

31. "आजकल भारत में अस्पृश्यता ( untouchability ) का प्रचलन में कमी होने लगा है ।" कारण बताएँ ।

32. अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह में अंतर बताएँ ।

33. "भारत की जलवायु स्थिति इसकी अर्थव्यवस्था में बहुत महत्व रखता है ।" सत्यापन करें ।

34. हिमालय के उष्ण कटिबंधीय घास के मैदान तथा अल्पाइन वनों के अंतर्गत निम्नलिखित वृक्षों का वर्गीकरण करें :

सिल्वर, बबूल, सीसम, लौरेल ।

35. खरीफ तथा रबी मौसम में अंतर करें ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



36. प्राकृतिक आपदाओं के समय रीमोट सेंसिंग तकनीक कैसे मददगार साबित होता है ?

37. 'जनसंख्या वृद्धि असंख्य ( innumerable ) समस्याओं का कारण है ।' सत्यापन करें ।

38. किसी देश की 'समावेशित वृद्धि' कैसे उपलब्ध किया जा सकता है ?

39. "वैश्वीकरण के कारण पर्यावरण का निम्नीकरण होता है ।" कैसे ?

40. हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्रों का उल्लेख करें ।

41. भारत के विशिष्ट समाज सुधारकों का उल्लेख करें ।

42. भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य क्या हैं ?

43. आतंकवाद के क्या प्रभाव होते हैं ?

44. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

45. भारत के मुख्य चार भौतिक विभाजन ( physical divisions ) कौन-कौन हैं ?

46. मृदा ( soil ) के प्रकारों का उल्लेख करें ।

47. भारत के चार मौसमी ऋतुओं का उल्लेख करें ।

48. मानव विकास के सूचक कौन हैं ?

49. बैंकों द्वारा कौन-कोन सी सेवाएँ दी जाती हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : 6 × 3 = 18

50. ब्रिटिश की प्रशासनिक व्यवस्था तथा आर्थिक नीति कैसे भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के कारण बनी ? वर्णन करें ।

**अथवा**

ब्रिटिश की भूमि राजस्व व्यवस्था भारतीय किसानों को कैसे प्रभावित किया ? वर्णन करें ।

51. "आजकल भारत तथा चीन का संबंध तनावपूर्ण है ।" पुष्टि करें ।

**अथवा**

"मानवाधिकार की मर्यादा बनाये रखने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।" पुष्टि करें ।

52. बेरोजगारी के उपचारी उपायों का वर्णन करें ।

**अथवा**

महिलाओं के स्व-सहायता समूहों के महत्व का वर्णन करें ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



53. बिजली की कमी को दूर करने के लिए उपचारी उपाय क्या हैं ?

**अथवा**

भारत में सड़क परिवहन की क्या समस्याएँ हैं ?

54. स्वतंत्रता के बाद भारत आर्थिक विकास उपलब्ध करने की कोशिश कैसे कर रहा है ?

**अथवा**

ग्रामीण विकास देश के आर्थिक विकास में कैसे मदद करता है ?

55. बीमा से क्या लाभ हैं ?

**अथवा**

किसी उद्यमी ( entrepreneur ) की क्या विशेषताएँ हैं ?

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

56. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका का वर्णन करें ।

VI. 57. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

a) $23 \frac{1^\circ}{2}$ उत्तरी अक्षांश

b) नागार्जुन सागर परियोजना

c) भद्रावती ।

**केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 57 के बदले में )**

भारत के लोगों के जीवन में हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4

www.careerindia.com

www.careerindia.com